अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

विष्णु के सुशासन में गांव के विकास के लिए गांवों में आयोजित की जा रही विशेष ग्राम सभाएं

■ बगिया के विशेष ग्राम सभा में लोगों को विभिन्न योजनाओं, पंचायत की विकास योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

■ जशपुरान्चल

जशपुरनगर 4 अक्टूबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राज्य के ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए बेहतर प्रयास कर रहे हैं।

पंचायती राज मंत्रालय के तहत देश भर में 750 चुनिंदा गांवों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य सभी ग्रामीणों को एकजुट करना और गांव के विकास के लिए ग्राम पंचायत विकास योजनाओं पर चर्चा करना है।

विगत दिवस बगिया ग्राम पंचायत में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों को विभिन्न जन योजनाओं, पंचायत की विकास योजनाओं और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में गांव के सचिव ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि ओर कहा कि अपनी पंचायत की योजनाओं में सक्रिय भागीदारी करें और विकास की दिशा में प्रगति करें। उन्होंने पंचायत की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखने और ग्राम सभा में महिलाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही, उन्होंने स्वच्छता और नशा मुक्ति अभियान के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई।

ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया की दिव्या प्रियदर्शनी द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत संचालित पीपीसी पर लघु फिल्म दिखाई गई। इसके साथ ही उन्होंने जीपीडीपी, सतत विकास के स्थानीय करण के विषयों की चर्चा की और बगिया ग्राम पंचायत के पंचायत विकास सूचकांक स्कोर की जानकारी दी। इसी आधार पर संकल्प लेने में सहायता करना और इस संकल्प के पूरा करने में स्थानीय महिलाओं के सामुदायिक संगठन, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और स्थानीय विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की भूमिका का उल्लेख किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 300 लोगों ने भाग लिया, जिसमें महिलाएं, 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, स्कूली बच्चे और अन्य विभागीय कर्मचारी शामिल हुए। ग्राम सभा में वरिष्ठ नागरिकों का विशेष सम्मान किया गया और उनसे गांव में हुए बदलावों के अनुभव साझा किए गए।

ग्राम सभा का समापन वृक्षारोपण समारोह से किया गया, जिसमें पंचायत के सभी सदस्यों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। बगिया ग्राम पंचायत में आयोजित यह विशेष ग्राम सभा समुदाय के सभी वर्गों को एकजुट करने में सफल रही और गांव के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।